Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding harrasment of farmers and Diary board officials by State Government of Rajasthan

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया ।

महोदय, यह किसानों से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण विषय है और राजस्थान से संबंधित है । राजस्थान में पिछले कई महीनों से किसानों के साथ धोखा हो रहा है तथा उनका शोषण किया जा रहा है । मेरा आपके माध्यम से मांग है कि केन्द्र सरकार इस पर ध्यान दे । चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र की जनता ने मुझे दोबारा चुनकर भेजा है । उस क्षेत्र में डेयरी और अन्य कई संस्थान हैं जो कि लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए संस्थान हैं । आज उनके ऊपर सुनियोजित तरीके से हमले हो रहे हैं । वहां कुछ ऐसे अधिकारी लगाए गए हैं, जो खुद भी एसीबी में ट्रैप हुए हैं । ऐसे अधिकारियों को वहां भेजकर लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए बोर्ड को भंग करने का काम किया जा रहा है और उनको परेशान किया जा रहा है । वहां दुग्ध उत्पादन तथा पशुपालन करने वाले सभी किसान परेशान हैं । कलेक्टरेट पर हज़ारों किसानों ने धारणा दिया और वहां प्रदर्शन किया । वहां के किसानों और डेयरी बोर्ड के चेयरमैन को सिर्फ परेशान किया जा रहा है । उस संस्थान को भंग करने के लिए काम किया जा रहा है । …(व्यवधान) सुनियोजित तरीके से उनको परेशान करने का काम किया जा रहा है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इसमें हस्तक्षेप करें । माननीय राहुल गांधी जी यहां नहीं है । उन्होंने दस दिन में कर्ज़ माफ करने की भी बात कही थी ।

अध्यक्ष महोदय, आज वहां का किसान परेशान है । वहां न तो कोई कर्ज़ा माफ हुआ और न ही दूसरा कोई काम हुआ । वहां के किसान परेशान हैं ।… (व्यवधान) वहां के किसान आत्महत्या कर रहे हैं । मेरी आपके माध्यम से मांग है कि ऐसे लोगों पर हस्तक्षेप करके कार्रवाई की जाए ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।